पाठ 4 - वाक्य-विचार, Class IV
Assignment IV
Hindi Grammar

Page No 01
Date 11.07.20

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नवाचक, आज्ञार्थक तथा नकारात्मक रूप में लिखिए —

(क) राधा बाग में नाच रही है।
(i) प्रश्नवाचक — क्या राधा बाग में नाच रही है?
(ii) आज्ञार्थक — राधा, बाग में नाचो।
(iii) नकारात्मक — राधा बाग में नहीं नाच रही है।

(ख) लड़की चुप है।
(i) प्रश्नवाचक — क्या लड़की चुप है?
(ii) आज्ञार्थक — लड़की, चुप रहो।
(iii) नकारात्मक — लड़की चुप नहीं है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य तथा विधेय छाँटकर लिखिए —

| | | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|---|
| क | गधा बोझ ढोता है। | गधा | बोझ ढोता है। |
| (ख) | पक्षी चहचहा रहे हैं। | पक्षी | चहचहा रहे हैं। |
| (ग) | ईश्वर को याद रखना चाहिए | ईश्वर | को याद रखना चाहिए। |
| (घ) | तारे टिमटिमा रहे हैं। | तारे | टिमटिमा रहे हैं। |

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

(क) वाक्य किसे कहते हैं?
उत्तर- शब्दों के सार्थक एवं क्रमबद्ध समूह को वाक्य कहते हैं।
जैसे - बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।

(ख) उद्देश्य तथा विधेय से आप क्या समझते हैं?
उत्तर- उद्देश्य — वाक्य में जिसके बारे में कुछ कहा जाए, उसे उद्देश्य कहते हैं
जैसे 'बच्चे'
विधेय — वाक्य में उद्देश्य के बारे में जो कहा जाए, उसे विधेय कहते हैं।
जैसे - 'क्रिकेट खेल रहे हैं'।

Class Teacher —
Sandhya Kumari
Class - IV

पाठ 5 - संज्ञा, class IV
Assignment 5
Hindi Grammar

Page No. 01
Date 11.7.20

प्रश्न 2. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को उनके सही वर्ग में लिखिए —
दिल्ली, अध्यापक, मेज, दया, मेहनत, बुद्धिमान, बचपन, कमल, हमारा, बच्चा, गंगा, अपना, देश, पुराना, श्रीराम, सतपुड़ा, त्रिवेंद्रम, चढ़ाई, खुशी, कावेरी

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| दिल्ली, कमल | अध्यापक, मेज | दया, मेहनत |
| गंगा, श्रीराम | हमारा, सतपुड़ा | बचपन, चढ़ाई |
| त्रिवेन्द्रम, कावेरी | बच्चा, पुराना, देश | खुशी, अपना, |

प्रश्न 3. नीचे लिखे ~~शब्दों~~ से वाक्यों से संज्ञा शब्द छाँटकर उनके प्रकार लिखिए —

| | वाक्य | संज्ञा | प्रकार |
|---|---|---|---|
| (क) | मुंबई महाराष्ट्र की राजधानी है। | मुंबई, महाराष्ट्र | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ख) | दिल्ली एक बड़ा नगर है। | दिल्ली | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ग) | पेड़ से फल गिरा। | पेड़ | जातिवाचक संज्ञा |
| (घ) | बचपन में गलतियाँ हो जाती हैं। | बचपन, गलतियाँ | भाववाचक संज्ञा |

प्रश्न 4. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के सामने इनके प्रकार लिखिए —
(क) कोलकाता - व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) मोर — जातिवाचक संज्ञा
(ग) चतुराई — भाववाचक संज्ञा (घ) नदी - जातिवाचक संज्ञा
(ङ) पर्वत — जातिवाचक संज्ञा (च) जापान - व्यक्तिवाचक संज्ञा

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —
(क) संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।
उत्तर - जिस शब्द से किसी स्थान, प्राणी, वस्तु अथवा भाव का बोध होता है, उसे संज्ञा कहते हैं।
जैसे दिल्ली, शेर, पंखा, घृणा आदि।

(ख) संज्ञा कितने प्रकार की होती है? नाम लिखिए।
उत्तर संज्ञा तीन प्रकार की होती है —
(i) व्यक्तिवाचक (ii) जातिवाचक (iii) भाववाचक

P.T.O.

पाठ 5 संज्ञा class IV

Assignment 5

Hindi Grammar.

Page No 02
Date 11.7.20

(ग) भाववाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए, —

उत्तर- जो शब्द किसी भाव, गुण, दोष, स्वभाव आदि का बोध कराता है उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे - मिठास, बुढ़ापा, लड़ाई आदि।

क्रियाकलाप / प्रोजेक्ट

अध्यापक विद्यार्थियों से भाववाचक संज्ञाएँ बनवाएँ —

| | शब्द | | भाववाचक संज्ञा | शब्द | | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लिखना | — | लिखाई | 2. पढ़ना | — | पढ़ाई |
| 3. | सुंदर | — | सुंदरता | 4. मम | | ममता |

Class teacher
Sandhya kumari
class IV

पाठ 6 - लिंग class IV
Assignment 6
Hindi Vyakaran

Page No. 01
Date 11.07.20

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए-

(क) दरोगाजी अभी नहीं आए हैं। - दरोगाजी अभी नहीं आई हैं।
(ख) मंत्रीजी आ गए हैं। - मंत्रीजी आ गई हैं।
(ग) खिलाड़ी मैदान में डटा है। - खिलाड़ी मैदान में डटी है।
(घ) रोगी उठ नहीं पा रहा है। - रोगी उठ नहीं पा रही है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित के दो-दो उदाहरण लिखकर लिंग भी बताइए -

| | | उदाहरण | लिंग |
|---|---|---|---|
| (क) | हिन्दी के महीने | चैत्र, बैशाख | पुल्लिंग |
| (ख) | ग्रह | शुक्र, बुध | पुल्लिंग |
| (ग) | हिन्दी की तिथियाँ | द्वितीया, तृतीया | स्त्रीलिंग |
| (घ) | बोलियाँ | खड़ीबोली, पहाड़ी | स्त्रीलिंग |

प्रश्न 4. निम्नलिखित के लिंग बदलिए -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | नौकर - नौकरानी | (ख) | माली - मालिन |
| (ग) | हाथी - हथिनी | (घ) | औरत - मर्द |
| (ङ) | लेखिका - लेखक | (च) | नाग - नागिन |
| (छ) | पंडित - पंडिताईन | (ज) | शिष्या - शिष्य |

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | देवनागरी | स्त्रीलिंग | (ख) | एटलस | पुल्लिंग |
| (ग) | गाय | स्त्रीलिंग | (घ) | नर्मदा | स्त्रीलिंग |
| (ङ) | रविवार | पुल्लिंग | (च) | बैशाख | पुल्लिंग |

प्रश्न 6. लिंग किसे कहते हैं? समझाकर लिखिए।

उत्तर - शब्द के जिस रूप से यह पता चलता है कि वह पुरुष जाति का है अथवा स्त्री जाति का, उसे लिंग कहते हैं।
जैसे - 'धोबी' कपड़े धो रहा है। 'धोबिन' कपड़े धो रही है। इन वाक्यों में धोबी शब्द से

पाठ 6- लिंग class IV
Assignment 6
Hindi vyakaran.

Page No. 02
Date 1.7.20

पुरुष जाति का तथा धोबिन शब्द से स्त्री जाति का बोध हो रहा है।

(ख) लिंग कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।
उत्तर लिंग दो प्रकार के होते हैं -
(i) पुल्लिंग (ii) स्त्रीलिंग

(ग) पुल्लिंग किसे कहते हैं? चार उदाहरण लिखिए।
उत्तर संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का वह रूप, जो यह बताता है कि वह पुरुष जाति का है पुल्लिंग कहते हैं।
जैसे (i) मोर (ii) अध्यापक (iii) राजा (iv) गायक

प्रश्न(घ) स्त्रीलिंग किसे कहते हैं? चार उदाहरण लिखिए।
उत्तर→ संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों का वह रूप, जो यह बताता है कि वह स्त्री जाति का है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।
उदाहरण — (i) मोरनी (ii) अध्यापिका (iii) रानी (iv) गायिका।

Class Teacher
Sandhya kumari
Class IV

Assignment IV कक्षा IV

विषय: हिन्दी रीडर, पाठ 4
खर्राटे

Page No. 01
Date 07/06/2020

प्रश्न(क) शब्दार्थ हिन्दी की कॉपी में लिखकर याद कीजिए

प्रश्न(ख) नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए —

1. छेदीलाल जी दफ्तर में लेखक के साथ ही काम करते थे।
2. बच्चों की हँसी छूट गई।
3. लेखक अपनी जीत पर गर्व करने लगा।
4. लेखक ने निश्चिंतता का तर्क देकर छेदीलाल का पक्ष लिया था।
5. चर्चा में लीन सभी लोग सामाजिक समस्याओं से बुरी तरह जुलसे हुए थे।

प्रश्न(ग) किसने कहा ?
1. "इतना अधिक सोना भी बीमारी है।" श्यामसिंह
2. "निश्चिंत आदमी को ही नींद आती है।" भूदेव गुप्ता
3. "काम बंद करो" छेदीलाल जी
4. "आप इसे बीमारी कहेंगे या निश्चिंतता"? भूदेवगुप्ता

वर्णात्मक प्रश्न
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —
(क) लेखक का क्या नाम था ?
उत्तर- लेखक का नाम गोपाल था।

2(ख) लेखक और छेदीलाल के बीच क्या संबंध था ?
उत्तर- लेखक और छेदीलाल के बीच दोस्ती का संबंध था तथा वे एक ही दफ्तर में काम करते थे।

P.T.O.

Class IV

Assignment IV class IV

विषय - हिन्दी रीडर, पाठ - 4.



(क)(3) लेखक की पत्नी ने साड़ी ड्राइक्लीन कराने के लिए पैसे किससे लिए ?

उत्तर-> लेखक की पत्नी ने साड़ी ड्राइक्लीन कराने के लिए पैसे अपने पति के जेब खर्च से लिए।

(4)(क) लेखक की पत्नी के जोर-से बोलने पर छेदीलाल के साथ क्या हुआ ?

उत्तर लेखक की पत्नी के जोर-जोर से बोलने पर छेदीलाल मुँह के बल सब्जी से भरे डोंगे में गिर गये और उनका पूरा चेहरा सब्जी में डूब गया।

(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न —

1. छेदीलाल के खर्राटे के स्वर में बदलाव क्यों आ रहा था ?

उत्तर-> छेदीलाल के खर्राटे के स्वर में बदलाव इसलिए आ रहा था क्योंकि साँस खींचते समय अलग प्रकार का खर्र स्वर निकलता था और साँस छोड़ते समय अलग प्रकार का खर्र स्वर निकल रहा था।

2. लेखक छेदीलाल का पक्ष क्यों ले रहा था ?

उत्तर लेखक छेदीलाल का शुभचिंतक होने के कारण उनका पक्ष ले रहा था।

भाषा ज्ञान

(ख) दिए गए वाक्यों में से संज्ञा तथा सर्वनाम छाँटकर लिखिए—

| | | संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|---|---|
| 1 | उनसे मक्खी-मच्छर डर रहे थे। | मक्खी-मच्छर | उनसे |
| 2 | छेदीलालजी दफ्तर में मेरे साथ ही कार्य करते हैं। | छेदीलाल | मैं |
| 3 | गोपाल भाई! तुम ठीक कहते हो। | गोपाल | तुम |
| 4 | वे घर में सूती साड़ी पहनती हैं। | घर | वे |
| 5 | हम भारतवासी हैं। | भारतवासी | हम |

Class Teacher - Sandhya kumari
Class IV

Assignment IV Class IV

विषय- हिन्दी रीडर, पाठ 5
'चल पड़े जिधर दो डग'



प्रश्न शब्दार्थ लिखकर याद कीजिए

प्रश्न2. "चल पड़े जिधर दो डग" कविता का आठ पंक्तियाँ याद कीजिए।

प्रश्न(ख) कविता की दी गई अधूरी पंक्तियों को पूरा कीजिए—

1. धर्माडंबर के खंडहर पर,
कर पद-प्रहार, कर धराध्वस्त।
मानवता का पावन मंदिर,
निर्माण कर रहे सृजन-व्यस्त।

2. हैं अस्त्र-शस्त्र कुंठित-लुंठित
सेनाएँ करती गृह-प्रयाण।
रणभेरी तेरी बजती है,
उड़ता है तेरा ध्वज-निशान।

(ग) सही जोड़े बनाइए —

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डग | (i) पवित्र | 6. | माथ | (vi) नजर |
| 2 | युग | (ii) कदम | 7. | मग | (vii) मस्तक |
| 3 | पद | (iii) सोना | 8. | संचित | (viii) मार्ग |
| 4 | पावन | (iv) काल | 9. | निज | (ix) एकत्र |
| 5. | स्वर्ण | (v) पैर | 10. | दृष्टि | (x) अपना |

(घ) निम्नलिखित कथन जिन पंक्तियों में आए हैं, वे पंक्तियाँ लिखिए —

1. जहाँ पर गाँधी जी ने माथा झुका दिया, वहीं हमारे मस्तक झुक गए।

उत्तर जिस पर निज मस्तक झुका दिया,
झुक गए उसी पर कोटि माथ।

2. गाँधीजी के बोलते ही युग बोल उठता था तथा उनके चुप होते ही युग चुप हो जाता था।

उत्तर तुम बोल उठे, युग बोल उठा,
तुम मौन बने, युग मौन बना।

P.T.O.

Assignment IV Class IV
विषय- हिन्दी रीडर पाठ- 5

Page No. 02

3. आत्माहुति के मोतियों से मातृभूमि के लिए सोने का मुकुट मढ़ रहे हैं।
उत्तर- आत्माहुति के मणि-माणिक से
मढ़ते जननी का स्वर्ण-ताज।

वर्णनात्मक प्रश्न
क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —
1. गाँधीजी ने किन खंडहरों को नष्ट किया ?
उत्तर- गाँधीजी ने धर्माडंबर, पद, असत्य, राजतंत्र आदि खंडहरों को नष्ट किया।

2. गाँधीजी ने जिसे अपना आशीर्वाद दिया उसके साथ क्या हुआ?
उत्तर- गाँधीजी ने जिसे अपना आशीर्वाद दिया उनके साथ करोड़ों लोगों का हाथ उनके समर्थन में उठता था।

3. दिग्विजयी क्या करते हैं?
उत्तर- दिग्विजयी आगे बढ़ते हुए रामराज गढ़ते हैं तथा आत्माहुति के मोतियों से मातृभूमि के लिए सोने का मुकुट मढ़ते हैं।

ग) उच्चस्तरीय प्रश्न —
1. गाँधीजी से कौन-कौन काँपता था ?
उत्तर- गाँधीजी से असत्य, मिथ्या, बर्बरता, सिंहासन और राजमुकुट काँपते थे।

2. मानवता को पावन मंदिर क्यों कहा गया है?
उत्तर- मानवता में ही सत्य, अहिंसा और न्याय का निवास होता है इसलिए मानवता को पावन मंदिर कहा गया है।

Class Teacher- Sandhya Kumari
Class IV

विषय:- हिन्दी रीडर वर्ग IV
पाठ 3

Page No. 01

# "गुरुजी महाराज का आगमन"

## Assignment III

प्रश्न1 शब्दार्थ को लिखकर याद करे ।

प्रश्न2. निम्नलिखित मौखिक प्रश्नों के उत्तर याद कीजिए ।

क) जब गुरुजी महाराज आए, तो मौसम कैसा था ?

ख) गुरु जी को कैसा पलंग मिला ?

ग) अव्यक्त आशंका से कौन चिल्ला उठी ?

प्र3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए

1. मित्र ——
2. धनी ——
3. प्रसन्न ——
4. गुरु ——
5. जाड़ा ——
6. शहर ——

Class Teacher
Sandhya Kumari
Class- IV
Sub- Hindi

हिन्दी रीडर पाठ 3 वर्ग IV

गुरुजी महाराज का आगमन

Assignment III

Page No. 01

प्रश्न क- शब्दार्थ को हिन्दी की कॉपी में लिखकर याद करें।

प्रश्न ख नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों में सही शब्द भरिए —

उपद्रव, अकस्मात, गृहस्थ, पानी

1. लल्लू के पिता धनी गृहस्थ थे।
2. आँधी और पानी थमने का नाम नहीं ले रहे थे।
3. लेकिन गहरी रात में अकस्मात गुरुजी की नींद उचट गई।
4. उसी समय एक नया उपद्रव उठ खड़ा हुआ।

वर्णनात्मक प्रश्न —

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

1. लल्लू की माँ की क्या इच्छा थी?

उत्तर लल्लू की माँ की इच्छा थी कि वह अपने गुरुजी महाराज को अपने घर में लाकर उनके चरणों के रज से अपने घर को पवित्र करें।

2. अकस्मात गुरु महाराज की नींद कैसे उचट गई?

उत्तर- अकस्मात गुरु जी महाराज की नींद इसलिए उचट गई क्योंकि रात में अचानक उनके ऊपर ठण्डा पानी टपकने लगा था।

3. गुरुजी ने बेंच की शरण कब ली?

उत्तर- अचानक आधी रात को पानी टपकने के कारण लाचार होकर गुरुजी को बरामदे में रखे बेंच की शरण लेनी पड़ी।

Assignment III class IV

हिन्दी रीडर पाठ 3.

Page No. 02
Date

(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न —

1. जाड़े में भी गुरुजी महाराज को पसीना क्यों आया?

उत्तर→ मच्छरों की फौज के आक्रमण के कारण गुरुजी महाराज बरामदे में एक कोने से दूसरे कोने तक भागने लगे जिसके कारण गुरुजी महाराज को जाड़े में भी पसीना आ गया।

2. लल्लू पंद्रह दिनों तक घर क्यों नहीं आया?

उत्तर→ लल्लू अपनी शरारत के कारण डर गया था तथा अपने माता-पिता के डाँट और मार खाने के भय से वह पन्द्रह दिनों तक घर नहीं आया।

भाषा ज्ञान

क निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए —

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मित्र | शत्रु | 2. धनी | गरीब |
| 3. प्रसन्न | अप्रसन्न | 4. गुरु | शिष्य |
| 5. जाड़ा | गर्मी | 6. शहर | गाँव |

class IV

Class Teacher - Sandhya kumari

विषय:- हिन्दी रीडर  कक्षा IV

पाठ 2 Assignment III

सच्चे मित्र



प्रश्न 1 शब्दार्थ को हिन्दी की कॉपी में लिखकर याद करें।

प्रश्न 2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(i) बेक को सत्य से प्रेम था, जबकि निकोलस को असत्य से।

(ii) शिक्षक महोदय कुछ देर के लिए बाहर चले गए।

(iii) उन दिनों इंग्लैंड में क्रॉमवेल का शासन था।

(iv) पसीने से लथपथ निकोलस क्रॉमवेल के सामने खड़ा था।

प्रश्न 3. किसने, किससे कहा? लिखिए —

| | किसने? | किससे? |
|---|---|---|
| (i) "जिसने यह शरारत की है, वह खड़ा हो जाय"। | शिक्षक | बच्चों |
| (ii) "मैं तुम्हारे इस त्याग को कभी नहीं भूलूँगा"। | निकोलस | बेक |
| (iii) "मेरे लिए एक ऐसा घोड़ा लाओ, जो एकजिस्टर में सबसे तेज हो"। | निकोलस | नौकर |
| (iv) "आखिर मैं भी तो मनुष्य हूँ।" | क्रॉमवेल | निकोलस |

वर्णनात्मक प्रश्न

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

1. बेक ने शीशा तोड़ने का अपराध अपने ऊपर क्यों लिया?

उत्तर- बेक ने शीशा तोड़ने का अपराध अपने ऊपर इसलिए लिया क्योंकि निकोलस ने शीशा तोड़ने का अपराध किया तो बेक ने सच्चा मित्र होने के नाते उसका अपराध अपने ऊपर ले लिया।

पाठ - 2
हिन्दी रीडर वर्ग IV
सच्चे मित्र
Assignment III

Page No. 02

इंग्लैंड में किनके बीच युद्ध चल रहा था ?
इंग्लैंड में राजतंत्रवादियों और प्रजातंत्रवादि
के बीच युद्ध चल रहा था ?

निकोलस ने क्रॉमवेल से क्या प्रार्थना की ?
निकोलस ने क्रॉमवेल से अपनी मित्रता की कह
सुनाई तथा बेक के मृत्युदंड की सजा को
क्षमादान में बदलने की प्रार्थना की ।

क्रॉमवेल पर निकोलस की प्रार्थना का क्या प्रभाव प

> निकोलस और बेक की मित्रता की कहानी सुनक
क्रॉमवेल के आँखों में आँसू छलक गये । क्रॉम
ने क्षमादान का पत्र लिखकर देते हुए कहा कि
आखिर मैं भी तो मनुष्य हूँ ।

उच्चस्तरीय प्रश्न —

1. निकोलस ने चार दिन बाद फाँसी का निर्णय
क्यों दिया ?
> निकोलस ने चार दिन बाद फाँसी का निर्णय
इसलिए दिया कि वह इस बीच क्रॉमवेल से मिल
अपने पुराने मित्र बेक को मृत्युदंड की सजा
से मुक्त करना चाहता था ।
2. निकोलस ने बेक का ऋण कैसे चुकाया ?

> निकोलस ने बेक को मिली मृत्युदंड की सजा क
क्षमादान में बदलकर उसका ऋण चुकाया ।

Class IV
Class Teacher - Sandhya Kumari

पाठ 2. class IV

वर्ग IV विषय :- हिन्दी रीडर

Assignment III



प्रश्न 1. शब्दार्थ याद करें —

(क) प्रसिद्ध (ख) न्योछावर करना

(ग) चेहरा पीला पड़ना (घ) पानी-पानी होना

(ङ) निर्णय (च) क्षमादान

प्रश्न 2. भाषा ज्ञान

निम्नलिखित शब्दों में 'अ' तथा 'स' उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाएं —

अ —
- सत्य — असत्य
- भिन्न — अभिन्न
- ज्ञान — अज्ञान
- सफल — असफल
- धर्म — अधर्म

स —
- कुशल - सकुशल
- फल - सफल
- धर्म - सधर्म
- परिवार - सपरिवार
- हित - सहित

प्रश्न 3. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें —

1. चेहरा पीला पड़ जाना → बुरी तरह घबड़ा जाना।
2. पानी-पानी होना → शर्मिंदा होना
3. हवा से बातें करना → बहुत तेज दौड़ना
4. चार चाँद लगाना → सुन्दरता में वृद्धि होना

Class Teacher
Sandhya Kumari